भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 3393

जिसका उत्तर 23 मार्च, 2026 को दिया जाना है

कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) द्वारा सामुदायिक विकास योजना

3393. **श्री खीरू महतो:**

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) द्वारा वर्तमान वित्त वर्ष के दौरान अपनी सामुदायिक विकास योजना/कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत किन-किन सहायक कंपनियों के लिए बजट खर्च किए जाने का प्रस्ताव है और तत्संबंधी राशि का ब्यौरा क्या है;

(ख) सहायक कंपनियों के वे क्षेत्र कौन-से हैं जहाँ राशि व्यय किए जाने का प्रस्ताव है और उसका मात्रात्मक एवं मद-वार ब्यौरा क्या है तथा अब तक परियोजना-वार कितनी राशि व्यय की गई है; और

(ग) यदि उपर्युक्त राशि अब तक व्यय नहीं की गई है, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

कोयला और खान राज्य मंत्री
(श्री सतीश चन्द्र दुबे)

(क) : कंपनी अधिनियम 2013 के प्रावधानों के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) और उसकी सहायक कंपनियों द्वारा सीएसआर पर अपेक्षित से खर्च की जाने वाली सांविधिक राशि निम्नानुसार है:

पीएसयू	**सांविधिक आवश्यकता (करोड़ रु. में)**
ईसीएल	7.51
बीसीसीएल	28.83
सीसीएल	74.25
एमसीएल	323.69

पीएसयू	सांविधिक आवश्यकता (करोड़ रु. में)
एनसीएल	201.80
एसईसीएल	127.06
डब्ल्यूसीएल	55.94
सीएमपीडीआईएल	10.91
सीआईएल मुख्यालय	17.60
कुल	**847.59**

(ख) : सीआईएल की सीएसआर नीति के अनुसार, सहायक कंपनियों को अपने वार्षिक सीएसआर बजट का कम से कम 80% अपने परियोजना स्थलों/खानों/क्षेत्र मुख्यालय/कंपनी मुख्यालय के 25 किलोमीटर के दायरे में और शेष 20% प्रचालन वाले राज्य (राज्यों) में आबंटित करना अपेक्षित है। कोल इंडिया लिमिटेड (मुख्यालय) को देश में कहीं भी सीएसआर परियोजनाएं शुरू करने का अधिकार है, लेकिन उसे अपने संसाधनों को कई राज्यों और विषयगत प्राथमिकताओं के लिए आवंटित करना चाहिए। इसके अलावा, कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची VII की विभिन्न मदों के तहत सीएसआर कार्यकलापों पर बजट खर्च किया जाता है। जिन प्रमुख मदों पर सीएसआर निधि व्यय की जाती है, वे निम्नानुसार हैं:

1. स्वास्थ्य देखभाल, पोषण और स्वच्छता
2. शिक्षा, कौशल और आजीविका
3. ग्रामीण विकास
4. खेलों को बढ़ावा देना और
5. पर्यावरण संरक्षण तथा संधारणीयता।

वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान प्रमुख परियोजनाओं पर सहायक कंपनी-वार, परियोजना-वार खर्च की गई राशि का विवरण अनुलग्नक-I में दिया गया है।

(ग) : वर्ष 2025-26 के दौरान 15.03.2026 तक बुक किए गए सीएसआर व्यय का कंपनी-वार विवरण निम्नानुसार है:

कंपनी	सांविधिक आवश्यकता (रु. करोड़)	दिनांक 15.03.2026 तक वितरित की गई सीएसआर निधि (अनंतिम) (करोड़ रुपए)	दिनांक 15.03.2026 तक दर्ज किया गया सीएसआर व्यय (अनंतिम) (करोड़ रुपए)
ईसीएल	7.51	5.01	5.24
बीसीसीएल	28.83	9.25	8.88
सीसीएल	74.25	77.93	67.02
एमसीएल	323.69	202.26	280.52
एनसीएल	201.80	160.00	107.42
एसईसीएल	127.06	63.01	53.24
डब्ल्यूसीएल	55.94	47.80	37.41
सीएमपीडीआईएल	10.91	8.65	7.80
सीआईएल मुख्यालय	17.60	149.37	132.52
कुल	**847.59**	**723.28**	**700.05**

सीएसआर व्यय का लेखा-जोखा संवितरित निधियों के लिए उपयोगिता प्रमाण-पत्र (यूसी) प्राप्त होने पर अथवा पूर्ण किए गए कार्यों के लिए बिलों के निपटान के अनुसार किया जाता है। तदनुसार, व्यय के आंकड़े जारी और पूर्व में स्वीकृत कार्यों के संबंध में प्राप्त यूसी/बिलों पर आधारित होते हैं। चालू और पिछले वित्तीय वर्षों में स्वीकृत चल रही गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए, सीआईएल के समग्र सीएसआर व्यय की स्थिति आमतौर पर विनिर्दिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप होती है, जो वर्ष के अंत में लेखांकन और अपेक्षित दस्तावेज की प्राप्ति के अधीन होती है।

*****

अनुबंध-I

दिनांक 23.03.2026 को राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3393 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक-I

वित्त वर्ष 25-26 के दौरान प्रमुख परियोजनाओं के लिए सीआईएल की सहायक कंपनियों द्वारा खर्च की गई सीएसआर राशि (परियोजना-वार):

क्र.सं.	सहायक कंपनी	परियोजना	खर्च की गई सीएसआर राशि (करोड़ रुपये)
1	एमसीएल	पबित्र मोहन प्रधान मेडिकल कॉलेज, तालचेर, अंगुल जिला, ओडिशा का संचालन	66.26
2	एमसीएल	ओडिशा के झारसुगुड़ा में 100 बेड वाले हृदय देखभाल केंद्र का निर्माण	45.16
3	एनसीएल	सिंगरौली, मध्य प्रदेश में खनन प्रौद्योगिकी संस्थान के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता	43.48
4	एमसीएल	वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सीएसआर के तहत गैर-एमसीएल कार्मिकों के बच्चों को छोड़कर अन्य बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए एमसीएल द्वारा वित्त पोषित स्कूलों को वित्तीय सहायता	41.00
5	एनसीएल	सिंगरौली जिले में मॉडल स्कूलों के रूप में सरकारी स्कूलों (10) का विकास	25.00
6	एमसीएल	एससीबी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, कटक, ओडिशा में रोगी की देखभाल के लिए एमआरआई और सीटी स्कैन मशीनों की खरीद के लिए वित्तीय सहायता	16.00
7	एनसीएल	पीक्यूसी (फुटपाथ क्वालिटी कंक्रीट) के साथ मौजूदा 2 किमी सड़क को चार लेन का बनाना और 5 वर्षों के लिए इसका व्यापक रखरखाव करना	16.00

क्र.सं.	सहायक कंपनी	परियोजना	खर्च की गई सीएसआर राशि (करोड़ रुपये)
8	सीसीएल	रांची, झारखंड में राज्य पुस्तकालय का निर्माण	13.33
9	एनसीएल	"अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), भोपाल, मध्य प्रदेश में सर्जिकल उत्कृष्टता के लिए रोबोटिक असिस्टेड इंटरवेंशन (आर.ए.आई.एस.ई)	12.50
10	एमसीएल	एम्स भुवनेश्वर, ओडिशा में स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार परियोजना के लिए वित्तीय सहायता	9.76
11	एसईसीएल	नवा रायपुर, छत्तीसगढ़ में सामाजिक-आर्थिक रूप से वंचित युवाओं को मुफ्त प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य सेवा कौशल विकास संस्थान का निर्माण	7.01
12	एसईसीएल	एसटीईएम के माध्यम से 84 विज्ञान प्रयोगशालाओं का उन्नयन और मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के 84 हाई स्कूलों और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में 265 स्मार्ट क्लासरूम सॉल्यूसंश की संस्थापना	5.49
13	एनसीएल	एनसीएल कमांड जिलों में एनसीएल की नन्हा-सा-दिल परियोजना (जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के लिए जांच, निदान और सर्जिकल कार्रवाई)	5.31
14	सीसीएल	रामगढ़, झारखंड में 50000 सरकारी स्कूली छात्रों के लिए सेंट्रलाइज्ड किचन	4.74
15	बीसीसीएल	धनबाद, झारखंड के बेलगरिया टाउनशिप के लिए 02 इलेक्ट्रिक बसों की खरीद	2.53
16	डब्ल्यूसीएल	इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, नागपुर को नेत्र शिविर आयोजित करने और मोतियाबिंद सर्जरी करने के लिए वित्तीय सहायता।	2.51
17	सीसीएल	झारखंड के हजारीबाग जिले के चर्चू ब्लॉक के 9 गांवों में एकीकृत सामुदायिक विकास परियोजना	2.31

क्र.सं.	सहायक कंपनी	परियोजना	खर्च की गई सीएसआर राशि (करोड़ रुपये)
18	डब्ल्यूसीएल	परियोजना सुश्रुत - लोक कल्याण डायग्नोस्टिक्स, नागपुर, महाराष्ट्र के माध्यम से "आनुवंशिक विकारों (विशेष रूप से थैलेसीमिया और सिकल सेल रोग) की रोकथाम" के लिए 50000 व्यक्तियों की जांच के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लोक समस्या लोक संशोधन और लोक कल्याण समिति को सीएसआर निधि का प्रावधान	2.20
19	सीसीएल	उपचार आपके द्वार: संशोधन झारखंड में सीसीएल कमांड क्षेत्रों में टीबी, स्तन कैंसर और सामान्य बीमारियों (ए-सी क्षेत्र में 2, केबीपी परियोजना में 1 और एम-एस क्षेत्र में 1) के लिए 03 एमएमयू चल रहे हैं	2.10
20	बीसीसीएल	झारखंड के धनबाद में बीसीसीएल कमांड क्षेत्रों के 250 उम्मीदवारों के लिए सेंट्रल टूल रूम, कोलकाता के माध्यम से कौशल विकास कार्यक्रम	1.95
21	सीसीएल	झारखंड के विभिन्न जिलों में जन्मजात हृदय दोष जांच और सर्जरी के लिए सीसीएल द्वारा नन्हा सा दिल परियोजना	1.90
22	डब्ल्यूसीएल	इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, नागपुर को नागपुर और अमरावती डिवीजनों के 10 जिलों के सरकारी अस्पतालों में नेत्र शिविर आयोजित करने और मोतियाबिंद की 10000 सर्जरी करने के लिए वित्तीय सहायता	1.82
23	डब्ल्यूसीएल	डब्ल्यूसीएल सुपर 30 - प्रोजेक्ट तराश - गहन कौशल खोज (शिक्षा) के माध्यम से ग्रामीण युवाओं का प्रतिभा विस्तार	1.52
24	डब्ल्यूसीएल	डब्ल्यूसीएल नन्हा सा दिल - वंचित बच्चों के लिए 200 बाल चिकित्सा हृदय सर्जरी के लिए स्वामी विवेकानंद चिकित्सा मिशन को वित्तीय सहायता	1.50
25	एसईसीएल	जशपुर, छत्तीसगढ़ में अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के लिए डॉरमिटरी (जी+2) और मध्याह्न भोजन भवन (जी+1) का निर्माण	1.30

क्र.सं.	सहायक कंपनी	परियोजना	खर्च की गई सीएसआर राशि (करोड़ रुपये)
26	ईसीएल	आईटीआई, सिकातिया, गोड्डा, झारखंड का प्रचालन, रखरखाव, प्रबंधन और उन्नयन	1.08
27	ईसीएल	बहु कौशल विकास संस्थान, धढका, पश्चिम बर्धमान, पश्चिम बंगाल	1.04
28	बीसीसीएल	झारखंड के धनबाद में बीसीसीएल कमांड क्षेत्रों के 160 उम्मीदवारों के लिए सीआईपीईटी, रांची के माध्यम से कौशल विकास कार्यक्रम	1.03
29	बीसीसीएल	धनबाद जिला प्रशासन को डिपॉजिटरी मोड के माध्यम से बेल्गारिया, धनबाद, झारखंड के निवासियों को ई-रिक्शा प्रदान करना	1.00

****